दिनांक : 05.12.2025 समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ करेंगे वार्ता
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा- भारत का प्रोजेक्ट चीता हुआ सफल
- विधान सभा के सातवें सत्र की कार्यवाही का आज अंतिम दिन, होगा महत्वपूर्ण कामकाज
- प्रदेश में तेज ठंड का दौर जारी, तापमान हुआ स्थिर

रूसी राष्ट्रपति यात्रा

23वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ वार्ता करेंगे। वार्ता के बाद व्यापार, अर्थव्यवस्था, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, संस्कृति और मीडिया से संबंधित क्षेत्रों सहित कई समझौतों पर हस्ताक्षर होने की संभावना है। राष्ट्रपति पुतिन वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए भारत की यात्रा पर कल शाम नई दिल्ली पहुंचे। प्रधानमंत्री मोदी ने हवाई अड्डे पर स्वयं उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। वहीं, भारत यात्रा से पहले एक टीवी चैनल को दिए साक्षात्कार में पुतिन ने कहा कि इसका एकमात्र उद्देश्य दोनों देशों के राष्ट्रीय हितों की रक्षा करना है। वहीं, भारत के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में के बारे में जानकारी देते हुए बताया-

गुजरात - अमित शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज से गुजरात के तीन दिन के दौरे पर रहेंगे। श्री शाह इस दौरान अहमदाबाद, गांधीनगर, वाव थराद और बनासकांठा में कई कार्यक्रमों में शामिल होंगे। उनके अहमदाबाद नगर निगम के कई महत्वपूर्ण आधारभूत संरचनाओं और जन-सुविधा से जुडी परियोजनाओं का उद्घाटन भी करने की संभावना है।

विधानसभा समाचार

प्रदेश की सोलहवीं विधान सभा के सातवें सत्र की कार्यवाही के अंतिम दिन महत्वपूर्ण कामकाज होगा। इस शीतकालीन सत्र की दैनिक कार्य सूची के अनुसार, आज सदन में सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ओर से कई महत्वपूर्ण और ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा अपेक्षित है। कार्यवाही की शुरुआत प्रश्नोत्तर काल से होगी। सदन में नियम 138 (1) के तहत कुल 13 विषयों पर ध्यान आकर्षण सूचनाएं लगाई गई हैं। इनमें स्वास्थ्य से जुड़े दो गंभीर मामले छाए रहने की संभावना है।

चीता दिवस सफलता

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्पों के अनुरूप श्योपुर स्थित कूनो नेशनल पार्क में चीतों के पुनर्स्थापन को नई दिशा मिली है। यह बातें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल कूनो नेशनल पार्क में कहीं। उन्होंने कहा –

शिवराज- राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कल नई दिल्ली में राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड की 33वीं बैठक की अध्यक्षता की। श्री चौहान ने कहा कि राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड की योजनाओं का क्रियान्वयन समयबद्ध, पारदर्शी और किसान-केंद्रित होना चाहिए, जिसमें किसानों को समय पर सब्सिडी मिले और इसे बारे में उन्हें कोई शिकायत न हो। उन्होंने किसानों के हित में जल्द खराब होने वाले बागवानी उत्पादों के लिए विशेष उपाय विकसित करने पर ज़ोर दिया ताकि उनका जीवन काल बढ़ा कर किसानों का नुकसान रोका जा सके।

हृदय दृश्यम

भोपाल में हृदय दृश्यम का आठवाँ संस्करण आज से 7 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा। इस बार खास बात ये है कि ह्ृदय दृश्यम भोपाल में तीन स्थानों पर आयोजित होगा जिसमें राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के सुविख्यात कलाकारों की संगीत सभाएं होगी और रंगारंग बैंड की प्रस्तुति भी होगी। राज्य के संस्कृति राज्य मंत्री धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी ने बताया कि‘ह्ृदय दृश्यम’ केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि वह अनुभूति है जो ताल, स्वर, रंग और परम्परा के संगम से हृदय को स्पंदित करती है।

एस.आई.आर.

निर्वाचन नामावली का विशेष गहन पुनरीक्षण (एस.आई.आर.) के तहत भोपाल की 7 विधासनसभाओं में से बैरसिया विधानसभा में डिजिटाइजेशन का काम 100 फीसदी हो गया। 1 महीने में यहां कुल 2 लाख 53 हजार 922 वोटर्स के फॉर्म डिजिटलाइज किए गए। इस उपलब्धि के बाद यहां काम कर रहे बीएलओ को शिकारे की सैर कराई गई। इससे पहले सभी बीएलओ को कलेक्टर कार्यालय में सम्मानित किया गया। वहीं, हुजूर में 88 प्रतिशत और भोपाल उत्तर में 85 प्रतिशत डिजिटाइजेशन हो चुका है। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि 6 दिसंबर शनिवार को भोपाल जिले की तीन विधानसभा क्रमांक-150, 153 एवं 155 में एसएआर का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।

बड़वानी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती जयति सिंह ने निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 में 100 प्रतिशत डिजिटलाइजेशन समय सीमा में पूर्ण करने पर सभी को धन्यवाद एवं बधाई दी।

मौसम समाचार

प्रदेश में ठंड का दौर चल रहा है और 24 घंटों के दौरान लगभग सभी जिलों में मौसम शुष्क बना रहा। शहडोल जिले के कल्याणपुर में सबसे कम न्यूनतम तापमान 7.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। हिल स्टेशन पचमढ़ी में तापमान पचमढ़ी में 6.6°डिग्री तापमान पहुंच गया। आज भी प्रदेश में मौसम इसी तरह बना रहने का अनुमान है और फिलहाल कहीं भी शीत लहर को लेकर कोई चेतावनी जारी नहीं की गई है। इस मौसम को देखते हुए किसानों को सलाह दी गई है कि जिन खेतों में मिट्टी में पर्याप्त नमी उपलब्ध हो, वहाँ रबी की फसलें जैसे गेहूँ, चना, मसूर, सरसों और मटर की बुवाई की जानी चाहिए। साथ ही, फसलों में हल्की सिंचाई करने का यह सबसे उपयुक्त समय है।

रेलवे बदलाव

1 जनवरी, 2026 से ट्रेनों की नई समय-सारणी लागू की जा रही है। भोपाल-रीवा एक्सप्रेस अब रात 23.05 की बजाय 23.00 बजे प्रस्थान करेगी। भोपाल-जोधपुर एक्सप्रेस अब 16.55 की बजाय 16.40 बजे प्रस्थान करेगी। भोपाल-डॉ अम्बेडकर नगर एक्सप्रेस 17.00 की बजाय 17.10 बजे प्रस्थान करेगी। वहीं, रानी कमलापति-रीवा एक्सप्रेस अब 5 मिनट पहले यानी 07.55 बजे पहुँचेगी। जबकि ट्रेन संख्या 12149 /12150 पुणे-सुपौल-पुणे एक्सप्रेस का नंबर बदलकर 11401/11402 कर दिया गया है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- खण्डवा में वीर जननायक टंट्या भील के बलिदान दिवस के अवसर पर कल उनकी जन्मस्थली ग्राम बड़ौदा अहीर में मेला आयोजित किया गया।
- आगर मालवा जिले में चाइनीज मांझा का उपयोग प्रतिबंधित किया गया है। नियमों का उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।
- एम्स भोपाल अपने जन-स्वास्थ्य उन्मुख प्रयासों और सुरक्षित औषधि उपयोग के प्रति समुदाय में जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से रायसेन के भोजपुर में जागरुकता अभियान आयोजित किया।
- 4. छठवीं में प्रवेश के लिए डिंडौरी जिले के जवाहर नवोदय विद्यालय की चयन परीक्षा शनिवार, 13 दिसंबर 2025 को जिले के 21 परीक्षा केंद्रों में आयोजित की जाएगी।
- बालिकाओं और महिलाओं की उन्नति में चुनौतियों और बाधाओं के समाधान के लिए विदिशा में कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है।
- जिला कोषालय झाबुआ में 18 दिसम्बर 2025 को जीपीएफ गुमशुदा कटौत्रों और अन्य लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए शिविर आयोजित किया जाएगा।
- बैतूल जिले की पारंपरिक शिल्पकला भरेवा कला को जीआई टैग मिलने पर भरेवा शिल्प के कलाकार बलदेव वाघमारे ने प्रसन्नता जाहिर किया। उन्होंने कहा कि इससे नकली उत्पादों पर रोक लगेगी और असली भरेवा कला की ब्रांड वैल्यू बढ़ेगी।
- गुना प्रशासन ने जानकारी दी है कि जिले में भविष्य में उर्वरक वितरण हेतु ई-टोकन व्यवस्था लागू होने वाली है इस व्यवस्था में फार्मर रजिस्ट्री आईडी होने से उर्वरक पंजीयन में सुविधा रहेगी, अन्य शासकीय लाभ भी इसी के माध्यम से भविष्य में मिलेंगे। सभी फार्मर आईडी अवश्य बनवा लें।
- प्रदेश राज्य सूचना आयोग के सूचना आयुक्त डॉ. उमाशंकर पचोरी आज खंडवा कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आवेदकों की लंबित द्वितीय अपील प्रकरणों एवं शिकायतों का निराकरण करेंगे।

-------